आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच प्रदेश की अस्सी लोकसभा सीटों के चुनाव और चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव के परिणामों के लिए आज सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुयी। अंतिम समाचार मिलने तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी संसदीय सीट पर जीत हासिल कर ली है। उन्हें छह लाख बारह हजार नौ सौ सत्तर वोट मिले हैं। अंतिम रूझानों के अनुसार प्रदेश की अस्सी सीटों में से भारतीय जनता पार्टी ने तीन सीट जीत लिया था और अट्ठाइस सीटों पर बढ़त बनाये हुए थी। समाजवादी पार्टी अड़तीस सीटों पर आगे चल रही थी। कांग्रेस पार्टी ने एक सीट जीत लिया था छह सीटों पर आगे चल रही थी। राष्ट्रीय लोकदल दो सीटों पर और अपना दल एक सीट पर आगे चल रहे थे। ददरौल और लखनऊ पूर्वी विधानसभा की सीट पर भारतीय जनता पार्टी, जबकि दुद्धी और गैसड़ी विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बढ़त बनाये हुए थे।

चुनाव आयोग ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया है कि वाराणसी लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने निकटतम इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय को 152513 वोटों से हरा दिया ।

वहीं सीतापुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राकेश राठौर ने अपने निकटतम भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेश वर्मा को 89641 मतों से पराजित कर दिया। कैसरगंज सीट पर भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने 148843 वोटों से चुनाव जीत लिया है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता चंद्रशेखर ने नगीना संसदीय सीट पर 151473 वोटों से जीत हासिल की है।

आयोग के अनुसार भाजपा के प्रमुख नेताओं में लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मेरठ से फिल्म स्टार अरूण गोविल, गौतम बुद्धनगर से डॉ महेश शर्मा, आगरा से प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, पीलीभीत से जितिन प्रसाद, डुमरियागंज से जगदंबिका पाल, महराजगंज से पंकज चौधरी और गोरखपुर से रवि किशन बढ़त बनाये है।

सपा की प्रमुख नेताओं में मैनपुरी से डिम्पल यादव, कन्नौज से अखिलेश यादव और आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव आगे चल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में रायबरेली से राहुल गांधी आगे चल रहे थे, जबकि अमेठी से किशोरी लाल भाजपा की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी से आगे चल रहे थे।

****

संसदीय चुनाव दो हजार चौबीस के मतगणना के रूझानों को देखते हुए प्रमुख राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने आज दिन में अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी। भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तरुण चुग ने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सत्ता में बना रहेगा। नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि मतगणना पूरी होने पर भारतीय जनता पार्टी निश्चित रूप से विजयी रहेगी। वहीं कांग्रेस नेता रागिनी नायक ने विश्वास व्यक्त किया कि आई.एन.डी.आई गठबंधन अधिक सीटें जीतेगा और लोकसभा चुनाव में विजयी रहेगा। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन, सरकार बनाने के लिए जरूरी 272 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगा। वहीं, समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये कहा कि उनकी पार्टी और इंडिया गठबंधन भारी मतों से आगे हैं और वह लोग चुनाव जीत रहे हैं। पार्टी ने अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह लोग जीत का प्रमाण पत्र लेकर ही मतगणना केंद्र से बाहर निकलें।

****

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मतगणना के दौरान प्रदेश के महराजगंज, बांसगांव, मेरठ और मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारियों को फोन करके मतगणना को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने कहा कि यहां के अधिकारियों पर दबाव डाल कर सीटें जिताने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले भी वह गृह मंत्री अमित शाह पर मतगणना को प्रभावित करने का आरोप लगा चुके हैं। इस बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा साक्ष्य मांगने पर उन्होंने कल एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया था।

****

पिछले चौबीस घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बलरामपुर और बस्ती जिले के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में हल्की से लेकर मध्यम वर्षा हुई है । बारिश के कारण कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से भी थोड़ी देर के लिए राहत मिली । पीलीभीत जिले में कल मध्य रात्रि को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई । वहीं सहारनपुर जिले में भी कल रात गरज चमक के साथ हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दे दी। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने कल प्रदेश के कई जिलों में लू चलने की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार कल भी कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है।

****